Bareilly, Thursday,
20 July 2023
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

PAGE NO. 06 : BOTTOM

गुडलाइफ अस्पताल में नैफ्रोलाजी कैंप शुरू

जासं,बरेली : एसआरएमएस गुडलाइफ हास्पिटल ने बुधवार को अपना छठा स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में ट्रस्ट चेयरमैन देव मूर्ति ने कहा कि होम अवे फ्राम होम कांसेप्ट से 19 जुलाई वर्ष 2018 में गुडलाइफ हास्पिटल स्थापित किया था।

एक अलग पहचान के साथ डाक्टर और स्टाफ की मेहनत से गुडलाइफ हास्पिटल ने पांच वर्षों में खास मुकाम बनाया। लैप्रोस्कोपिक सर्जरी और दर्द रहित जीरो तकनीकी से घुटना प्रत्यारोपण में विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि किडनी एवं प्रोस्टेट के सभी आपरेशन, किडनी ट्रांसप्लांट, डायलिसिस भी यहां उपलब्ध है। छठे स्थापना दिवस पर 19 से 22 जुलाई तक नैफ्रोलाजी एवं मेडिसिन हैल्थ कैंप संचालित किया जा रहा है।

इस मौके पर डा. एमएस बुटोला, डा. पियूष कुमार, डा. एमपी रावल, डा. नीलिमा मेहरोत्रा, डा. रुचिका गोयल, डा. आयुष गर्ग आदि मौजूद रहे। वि.